एक नजर में

जलभराव से परेशान गोयल एवेन्यू कॉलोनीवासी

इंदौर. वार्ड नं 36 के झोन नं. 8 अंतर्गत आने वाली गोयल एवेन्यू कॉलोनी के रहवासी मुख्य सड़क पर जलभराव की समस्या गंभीर समस्या से काफी परेशान हैं. कॉलोनी के आम रास्ते से लगभग 200 परिवारों का आना-जाना है. ऊबड़-खाबड़ इस सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं. यहां पर पानी का भराव इतना रहता है कि पैदल तो दूर टू व्हीलर से जाने में भी परेशानी आती है. स्कूल आते-जाते बच्चे भी कई बार गड्ढों में गिर जाते हैं. रहवासी इस संबंध में नगर निगम अधिकारियों को भी अवगत करा चुके हैं, लेकिन कोई निराकरण नहीं हुआ है. यह कॉलोनी वार्ड नं 36 के झोन नं. 8 में आती है. रहवासियों ने जलभराव की इस समस्या का शीघ्रअतिशीघ्र निराकरण करने की मांग की है.

अमरनाथ यात्रा पर जाने वाली महिलाओं का सम्मान

महू. सर्वब्राह्मण महिला मंडल द्वारा शहर में एक गरिमामयी समारोह आयोजित कर अमरनाथ यात्रा पर जाने वाली महिला श्रद्धालुओं का रवाना किया गया. यह दल आगामी 5 जुलाई को पवित्र अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए रवाना होगा. कार्यक्रम में मंडल की सचिव आरती शर्मा, दीपा पाठक एवं वरिष्ठ सदस्य डॉ. रीता उपमन्यु सहित विनीता शर्मा, अंजलि शर्मा, शोभा व्यास, स्मृति दुबे, रानू मिश्रा, मंजू तिवारी और अर्चना मिश्रा ने यात्रा पर जाने वाली महिलाओं का शॉल एवं माला पहनाकर स्वागत किया. समिति सदस्यों ने सभी तीर्थयात्रियों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं. मंडल की पदाधिकारियों ने कहा कि अमरनाथ जैसी अत्यंत कठिन, दुर्गम और साहसिक यात्रा को सफलतापूर्वक पूर्ण करना गहरी श्रद्धा, साहस और अटूट संकल्प का प्रतीक है. महू शहर की यह महिलाएं पूरे समाज के लिए प्रेरणा हैं. यात्रा पर जाने वालीं स्वाति शर्मा, रचना विजयवर्गीय, रीना सैनी, अंजलि शर्मा, उषा विजयवर्गीय एवं मिनी जोशी का मंडल द्वारा विशेष सत्कार किया गया. कार्यक्रम का समापन सुमधुर भजनों और सामूहिक भोज के साथ हुआ.

रेलवे ओवरब्रिज हुआ जानलेवा, हादसे का अंदेशा

महू. किशनगंज रेलवे ओवर ब्रिज इस समय वाहन चालकों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है. ब्रिज पर लगी अनेक जॉइंट प्लेट्स की वेल्डिंग पूरी तरह टूट चुकी है, जिसके चलते यहां से वाहनों के गुजरने पर जोर से डरावनी आवाजें आ रही हैं. इसके साथ ही जॉइंट प्लेट्स के ऊपर बिछी डामर की परत भी उखड़ गई है, जिससे हादसे का ग्राफ बढ़ गया है. बस ओनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने एक बयान में बताया कि इस महत्वपूर्ण रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण पाथ इंडिया कंपनी महू एवं लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरिंग स्टाफ द्वारा किया गया था. लेकिन वर्तमान में इसकी देखरेख न होने से स्थिति बदतर हो चुकी है. उन्होंने गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि यदि इस ब्रिज की अतिशीघ्र तकनीकी मरम्मत नहीं की गई, तो यहां कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है. जॉइंट्स के कमजोर होने और लगातार भारी वाहनों के दबाव से ब्रिज के मुख्य ढांचे को भी बड़ा नुकसान पहुंच सकता है, जिससे जान-माल की भारी क्षति होने का अंदेशा है. प्रशासन तुरंत ध्यान दे. उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों और प्रशासनिक अमले से विशेष रूप से ध्यान देने का आग्रह किया है. उन्होंने मांग की है कि यात्रियों और वाहन चालकों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए तुरंत जॉइंट्स प्लेट्स की मरम्मत और वेल्डिंग का कार्य युद्धस्तर पर शुरू करवाया जाए, ताकि किसी भी संभावित अनहोनी को टाला जा सके.

मां कनकेश्वरी मंदिर परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

इंदौर. शहर के प्रसिद्ध मां कनकेश्वरी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं एवं आसपास के रहवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हेल्थ सेंटर का संचालन किया जा रहा है. यहां विभिन्न प्रकार की ब्लड जांचों पर 20 से 70 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है, जिससे आमजन कम खर्च में आवश्यक स्वास्थ्य जांच करा सकें. हेल्थ सेंटर का समय प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे से रात 8 बजे तक निर्धारित किया गया है. इसके साथ ही यहां फिजियोथैरेपी सेंटर भी संचालित है, जहां डॉ. किरण पाटीदार (बी.पी.टी.) द्वारा मरीजों को फिजियोथैरेपी संबंधी सेवाएं दी जा रही हैं. फिजियोथैरेपी सेंटर का समय प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 4 से 6 बजे तक है. मंदिर परिसर में स्वास्थ्य सुविधाओं की यह पहल श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रही है. विशेषज्ञों का मानना है कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने से कई गंभीर बीमारियों का प्रारंभिक अवस्था में पता लगाया जा सकता है, जिससे समय रहते उपचार संभव हो पाता है. इस जनहितकारी पहल के प्रेरणा स्रोत विधायक कैलाश विजयवर्गीय एवं विधायक रमेश मेंदोला हैं, जबकि इसका संचालन राजकपुर सुनहरे द्वारा किया जा रहा है. मंदिर प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों से इन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है.

संस्थान स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

इंदौर. अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सकल नरसिंहपुरा संस्थान कोर कमेटी बैठक संस्थान परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन के मुख्य आतिथ्य में संस्थान स्थापना दिवस के सोलहवें वर्ष के शुभ अवसर पर अनेक कार्यक्रम रखने के निर्णय के साथ सम्पन्न. सर्वप्रथम सामूहिक मंगलाचरण, बैठक में राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष चेतन मुसलिया द्वारा स्वागत किया गया. मंच संचालन महामंत्री रितेश सुरावत ने किया. गत बैठक का पठन सदन से स्वीकृत करने एवं आज के विचारणीय बिन्दुओ पर विचार विमर्श हेतु रखें. राजस्थान प्रदेश संरक्षक सुमति लाल दुदावत ने स्थापना दिवस पर पशुपति कल्याण गौशाला में घास, गुड़, पशु आहार अपने हाथों से खिलाकर कार्यक्रम प्रारम्भ करने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पास किया. संस्थान मप्र के प्रवक्ता प्रवीण जैन ने बताया कि इसी क्रम में हंस मुख गनोडिया ने प्रस्ताव रखा कि हमें एक मेडिकल केम्प और निशुल्क रक्तदान शिविर आयोजित करना चाहिए. इसपर राष्ट्रीय चिकित्सा मंत्री डॉ विवेक जैन को संयोजक बनाया गया. उपस्थित महिला मोर्चा राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष माधुरी जैन एवं राष्ट्रीय महामंत्री विभा सुरावत ने सकल दिगम्बर जैन समाज की महिलाओ को साथ लेकर सावन लहरियां उत्सव 2026 का आयोजन करने की बात कही. इसके लिए सारिका सुरावत, शोभा गनोडिया, चेतना भादावत के साथ कमेटी गठित की गई. महावीर गागावत एवं बसन्त सुन्दरोत ने स्थापना दिवस पर जैन मन्दिरो में सामुहिक भक्तामर स्तोत्र का पाठ रखने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया. सुन्दर लालावत एवं पियूष जैन भिलुडा ने राष्ट्रीय युवा मोर्चा का गठन का प्रस्ताव रखा. कुन्ती लाल जैन ने कहा कि समाज के युवाओं को आगे लाने के लिए करने होंगे.

बारिश से बागली तर-बतर, गुनेरी नदी और आसपास के नाले उफान पर

बागली। दो दिनों से रुक-रुककर हो रही तेज बारिश के चलते बागली मुख्यालय के आसपास 70 किलोमीटर क्षेत्र में अच्छी बारिश की खबर है। जटाशंकर वॉटरफॉल पूर्ण वैभव के साथ बहता दिखाइ दिया। भोमिया जी हनुमान मंदिर के सामने वाला नाला भी पुलिया के ऊपर से बहने लगा ग्राम पंचायत मुख्यालय से निकलने वाली गुनेरी नदी सीजन में चौथी बार उफान पर आ गई।

जानकारी अनुसार शनिवार सुबह 11 बजे से 2 तक मार्ग आवागमन के लिए प्रतिबंधित हो गया। बागली में भी अस्पताल परिसर जनपद परिसर कन्या हाई स्कूल परिसर एवं अनु विभाग कार्यालय परिसर में कुछ देर के लिए जल जमाव स्थिति हो गई। क्षेत्र से जुड़े अलग-अलग गांव के किसानों ने बताया कि जीन किसानों ने 2 से 3 दिन की अवधि में सोयाबीन बीज फसल लगाई, उनकी फसल खराब होने की स्थिति में है। कुछ खेतों में 24 घंटे से अधिक जल जमाव स्थिति दिखाई दी। अमरपुरा के किसाान मुकेश पाटीदार ने बताया कि 10 बीघा खेती तीसरी बार भी बिगड़ गई। पहले भी अधिक पानी की वजह से बीज अंकुरण नहीं हो पाया। हरदा क्षेत्र से नया बीज लाकर लगाया लेकिन वह भी खराब होने जैसी स्थिति में आ गया। बिजली खंभे और तार टूटने की भी खबर है। कुछ स्थानों पर बड़े पेड़ भी गिर गए। बारिश से निर्माण कार्यों की पोल खुल गई है गर्मी में किए गए सड़क निर्माण जिसके अंतर्गत पानी निकासी का ध्यान नहीं रखा। वही निर्माण अब खुदाई करके पानी निकालने के तोड़ना मजबूरी हो गया हैं।

घाट नीचे क्षेत्र की प्रमुख नदियां उफान पर

उदय नगर पिपरी किशनगढ़ पोला खाल आदि स्थलों से मिले समाचार अनुसार पूर्णी लोहाड कनेरी और खारी नदी में भी पर्याप्त पानी आने के साथ-साथ उफान पर आ गई है। कई गांव के संपर्क कट गए। पिपरी निवासी गिरधर गुप्ता ने बताया कि धाराजी घाट स्नान पर भी पुनासा बांध से पानी छोड़े जाने की वजह से पानी का लेवल बढ़ गया है। सीता वन समिति से जुड़े गोविंद चौहान जगदीश विश्वकर्मा हरकचदं शर्मा आदि ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से अपील की है कि वह पर्यटन के हिसाब से सीतापुर क्षेत्र में घूमने आए तो सतर्कता के साथ आए और बारिश में आने से बचे यहां नदियों में अचानक पानी बढ़ने की संभावना अधिक रहती है।

प्रतिबंधित फायरिंग रेंज में बिना अनुमति घुसी जेसीबी

इंदौर. खुडैल पुलिस ने सनावदिया स्थित दतूनी फायरिंग रेंज के प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना अनुमति जेसीबी लेकर प्रवेश करने के मामले में चालक जितेंद्र ठाकुर निवासी उमरियाखुर्द के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. सबउप निरीक्षक योगेन्द्र शर्मा और दुर्गेश विश्वकर्मा का कहना है कि जब वह फायरिंग रेंज में सुरक्षा ड्यूटी के दौरान गश्त कर रहे थे तभी हनुमान मंदिर के पास पीले रंग की जेसीबी को खुदाई करते देखा. पूछताछ में चालक अनुमति संबंधी कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका. इसके बाद जेसीबी को चौकी लाकर चालक से पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया. इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई.

सतवास क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से पीपलकोटा की दतुनी नदी उफान पर

सतवास। सतवास क्षेत्र में जहां लगातार हो रही बारिश अब आफ़त की बारिश बन गई हैं शुक्रवार रात एवं शनिवार सुबह को हुई बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सतवास थाना क्षेत्र की पीपलकोटा दतुनी नदी ने रौद्र रुप लेकर उफान पर रही जिससे इंदौर से हरदा जाने वाली बस को सतवास में ही रुकना पड़ा, यात्रियों को घंटों नदी उतर ने का इंतजार करना पड़ा क्यों की पीपलकोटा पूल के ऊपर बहुत पानी बह रहा था नदी के दोनों ओर बस मोटर सायकल ट्रैक्टर की लम्बी लंबी लाइन लगी रही सुबह आठ नो बजे से आवागमन पूरी तरह बंद रहा जो साढ़े चार बजे के दरमियान चालू हुआ बस में बैठे यात्रीयो के लिए यह आफ़त की बारिश बन गई।

सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर और नकदी चोरी

इंदौर. किशनगंज थाना क्षेत्र की सन सिटी कॉलोनी में सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर और नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है. फरियादिया चंदा सैनी की शिकायत पर पुलिस ने माहुल निवासी अकोलिया, जिला धार के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. फरियादिया ने पुलिस को बताया कि बदमाश घर का ताला तोड़कर अंदर घुसा और दो चांदी के कड़े, सोने की नाक की लौंग तथा दुकान की गल्ले में रखे करीब 10 हजार रुपए नकद सहित लगभग 30 हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गया. थाना प्रभारी अमित कुमार का कहना है कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज सदाबहार गीतों की देंगे प्रस्तुति

देवास। शहर की प्रतिष्ठित संगीत संस्था यंग मेलोडियंस ऑर्केस्ट्रा समूह, देवास द्वारा हिंदी फिल्म संगीत के तीन महान गायकों मोहम्मद रफ़ी, किशोर कुमार एवं मुकेश को समर्पित त्रिवेणी संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम रविवार को शाम 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक मल्हार स्मृति मंदिर, सयाजी द्वार, देवास में आयोजित होगा।

आयोजक नजर शेख मामू, मुश्ताक शाह, दिलीप दरबार एवं निशा खान ने बताया कि कार्यक्रम में रफ़ी, किशोर कुमार और मुकेश द्वारा गाए गए सदाबहार गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। शहर और आसपास के अनेक प्रसिद्ध गायक कलाकार अपनी सुरीली आवाज़ से श्रोताओं को पुराने दौर के यादगार नगमों का आनंद दिलाएंगे। कार्यक्रम का संयोजन धीरज बाघमारे और अंजू शर्मा द्वारा किया जाएगा।

अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य अतिथि एवं समाजसेवी उपस्थित रहेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में इंदौर के रॉक स्टार चिंतन बाकीवाला, उज्जैन के रॉक स्टार सुनील बामनिया तथा इंदौर के सोनू गवते अपनी विशेष प्रस्तुतियां देंगे। देवास के गायन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कई वरिष्ठ एवं उभरते हुए गायकों को आवाज़ सम्मान से भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा शहर के दर्जनों गायक एवं वादक कलाकार अपनी प्रस्तुति देकर संगीत प्रेमियों को एक यादगार संध्या का अनुभव कराएंगे।

दक्षिण कोरिया में ओपन सॉफ्ट टेनिस टूर्नामेंट में देवास के जय मीणा ने जीता कांस्य पदक

देवास। विश्वामित्र अवार्डी एवं भारतीय सॉफ्टटेनिस टीम के कोच सुदेश सांगते ने बताया कि दक्षिण कोरिया के सनचांग में खेली गई अंतरराष्ट्रीय ओपन सॉफ्टटेनिस टूर्नामेंट में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देवास के जय मीणा ने सिंगल्स में कांस्य पदक जीत कर भारत के मान को बढ़ाया। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सॉफ्टटेनिस में भारतीय खिलाड़ियों अपने दृढ़ संकल्प और जीतने का जज्बा सॉफ्ट टेनिस की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। इस ताकत को प्रोत्साहित किया युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार व स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया का ह्रदय से धन्यवाद। खिलाड़ी जय मीणा के इस प्रदर्शन पर देवास शाजापुर लोकसभा के सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी ने सॉफ्टटेनिस खेल सहित जिले के विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को हर सम्भव सहयोग करने की कोशिश का पूर्ण आश्वासन दिया।

पति के धमकाने और छात्राओं का पीछा करने के तीन प्रकरण दर्ज

▶ तीनों मामलों में पुलिस ने शुरू की जांच

नवभारत न्यूज

इंदौर. शहर के अलग अलग थाना क्षेत्रों में महिलाओं और छात्राओं को धमकाने, प्रताड़ित करने और पीछा करने के तीन मामले सामने आए हैं. खजराना, परदेशीपुरा और जूनी इंदौर थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

खजराना पुलिस ने 35 वर्षीय महिला की शिकायत पर उसके पति बबलू शेख निवासी अनारबाग और उसके साथी जाकिर पटेल निवासी नागदा के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. महिला का आरोप है कि पति पिछले दो माह से उससे अलग रह रहा है और फोन पर लगातार गालियां देकर धमका रहा है. उसे कहीं रहने लायक नहीं छोड़ने और अंगभंग करने की धमकी देता है.

12वीं की छात्रा को स्कूल आते-जाते परेशान कर रहा युवक

जूनी इंदौर पुलिस ने 12वीं की छात्रा की शिकायत पर जयप्रकाश तिवारी के खिलाफ पीछा करने और परेशान करने का मामला दर्ज किया है. छात्रा का आरोप है कि आरोपी पिछले दो माह से स्कूल आते-जाते समय लगातार उसका पीछा कर रहा था. इसकी जानकारी परिजनों को देने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई. एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह का कहना है कि तीनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है.

विद्यार्थियों को वितरित की शिक्षण सामग्री

इंदौर. पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत मानपुर पुलिस ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए तथा विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई.

कार्यक्रम में थाना प्रभारी महेंद्र मकाश्रे ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को ओटीपी, यूपीआई, केवाईसी अपडेट और फर्जी लिंक के जरिए होने वाली साइबर ठगी के तरीकों से अवगत कराया. उन्होंने बताया कि ओटीपी, सीवीवी और यूपीआई पिन किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें, केवाईसी अपडेट के नाम पर आने वाली संदिग्ध कॉल से सतर्क रहें और किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें. किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील भी की गई. कार्यक्रम में शिक्षिका कल्पना गुप्ता, कविता पाटिल, कविता पाटीदार, ममता साहू, जन शिक्षक गुलाब झलने सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक सुभाष, धर्मेंद्र जाट, अनुराग चौधरी, मूलचंद जाट, सतीश जाट तथा थाना मानपुर का पुलिस स्टाफ मौजूद रहा. कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई.

पीलियाखाल पर जान जोखिम में डालकर निकलते रहे लोग, सोनकच्छ में अब तक 15 .04 इंच बारिश

सोनकच्छ। नगर की कालीसिंध नदी के ऊपरी क्षेत्र में हुई अच्छी वर्षा के कारण नदी में भरपूर पानी आ गया। पीपलेश्वर घाट के समीप बने डेम पर से पानी बह निकला। इस नजारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी नदी देखने पहुंचे।

कालीसिंध नदी में पानी आने के कारण सोनकच्छ-जलेरिया मार्ग पर स्थित पर पीलिया खाल भी उफन गया। उफनते खाल में से लोग जान जोखिम में डालकर निकलते रहे। एक बाइक सवार को आसपास के लोगों ने पानी में बह जाने से भी बचाया। उसके बावजूद भी छोटे छोटे बच्चों को भी लोग लेकर निकलते रहे। खाल उफान पर आ जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। मीडिया की सूचना पर एक जवान की तैनाती की गई। जागरूक लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि, जल्द से जल्द पीलिया खाल पर बड़ी पुलिया का निर्माण कार्य करवाया जाएं। ग्रामीण लोग कई वर्षों से पुल निर्माण की मांग क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से कर रहे है लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जारी मानसून सत्र में शुक्रवार सुबह से शनिवार सुबह तक 53 मिमी (2.12) इंच वर्षा दर्ज की गई। शनिवार सुबह 6 बजे तक 376 मिमी (15.04) इंच वर्षा दर्ज की गई। जिले में सर्वाधिक वर्षा खातेगांव में दर्ज की गई है। यहां पर अब तक 28.8 इंच वर्षा दर्ज की गई है।

कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

इंदौर. एबी रोड पर मानपुर के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार दंपती सड़क पर जा गिरे, जिसमें महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया. पुलिस के अनुसार, बाइक से एबी रोड होते हुए जा रहे दंपती को मानपुर स्थित शराब दुकान के सामने पीछे से आए कंटेनर ने टक्कर मार दी. हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल पति का उपचार जारी है. वहीं, सांवेर थाना क्षेत्र में इंदौर उज्जैन रोड स्थित ग्राम तराना के पास सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया.

एक नजर ▶ पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ देवास हरियाली फैलाने के लिए आया आगे

छायादार फलदार आंवला, आम, जामफल के पौधों का किया रोपण

देवास। पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला देवास द्वारा 4 जुलाई को नक्षत्र वाटिका लोहाना पर संघ के संरक्षक मार्गदर्शन एम एल मालवीय देवड़ा के मार्गदर्शन में एवं पंडित देवी शंकर तिवारी जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया।

पेंशनर संघ के जिला सचिव अरविंद शर्मा ने बताया कि संघ द्वारा सर्वप्रथम मां गायत्री के मंत्रों से दीपयज्ञ किया गया। उसके पश्चात फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इसमें नीम, पीपल, आंवला, आम ,जामफल के पौधे लगाए गए एवं उनकी सुरक्षा का प्रबंध किया गया। इस अवसर पर संघ के देवास तहसील अध्यक्ष अनिल कुमार नागर, प्रदेश कार्य समिति उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मोहरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओ पी सोलंकी, जिला समन्वयक बी एल खण्डेलवाल जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार शैव्य, जिला सह सचिव कांतिलाल पटेल, जिला सहकोषाध्यक्ष एम एल सोलंकी, साधना तिवारी, निलेश धाकड़ आदि सदस्य उपस्थित थे।

जनजागरण अभियान चलाने का लिया निर्णय

इस अवसर पर संगठन के सभी सदस्यों ने आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 उज्जैन होने वाले आयोजन में प्लास्टिक बाटल एवं प्लास्टिक थेलियों का उपयोग ना हो इस हेतु प्रत्येक स्तर पर जन जागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया एवं संघ के सभी तहसील स्तर के पदाधिकारियों कार्यकारिणी सदस्य एवं सभी सदस्यों से अपील की है कि जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में सभी जगह वृक्षारोपण किया जाय। अंत में देवास तहसील अध्यक्ष अनिल कुमार नागर ने आभार व्यक्त किया।